Insurance scheme to passengers

1313. SHRI CHATURANAN MISHRA:

SHRI JALALUDIN ANSARI:

SHRI SOM PAL:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the much-awaited passenger insurance scheme on the Indian Railway has not yet been started:

(b) if so, the reason therefor; and

(c) by when the scheme will be implemented?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHAREF): (a) to (c) The Railway Passehger Insurance Scheme has already been implemente 1 with effect from 1-8-1994.

राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाएं

1314. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुई दुर्घटनाओं का माह-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) ऐसी दुर्घटनाओं के क्या कारण हैं और उन्हें रोकने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं ;

(ग) इन दुर्घटनाओं में कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई और कितने घायल हुये ;

(घ) प्रत्येक को कितना मुआवजा राशि दी गई है ; और

(ङ) यदि हां तो उसका अवधि-वार ब्यौरा क्या है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री (जगदीश टाइटलर) : (क) दुर्घटनाओं में राष्ट्रीय राजमार्ग-वार आंकड़े एकत्र नहीं किये जाते हैं ।

(ख) से (ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

दिल्ली में सड़क दुर्घटनाएं

1315. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ भीम अफजल :**

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा :

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में वर्ष 1993-94 के दौरान हुई सड़क दुर्घटनाओं में कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई ;

(ख) ट्रकों बसों कारों और अन्य वाहनों से हुई दुर्घटनाओं की अलग-अलग संख्या कितनी है ;

(ग) डी०टी०सी० की बसों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई ; और

(घ) सड़क-दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सरकार क्या-क्या कदम उठा रही है;

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) दिल्ली सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार 1993-94 में सड़क दुर्घटनाओं में 1745 व्यक्तियों की मृत्यु हुई ।

(ख) ट्रकों बसों कारों और अन्य वाहनों से हुई दुर्घटनाओं की संख्या नीचे दर्शाई गई है:—

वाहन की किस्म	दुर्घटनाओं की संख्या
कार	1581
ट्रक	1358
बस	2114
अन्य वाहन	3602

(ग) डि०प०नि० की बसों द्वारा हुई सड़क दुर्घटनाओं में अस्सी व्यक्ति मारे गये ।

(घ) दिल्ली में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये किये गये जा रहे उपाय संलग्न विवरण में दिये गये हैं ।